भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 1121
सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

लखनऊ हवाई अड्डे पर एटीसी स्टाफ की लापरवाही

1121. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि लखनऊ हवाईअड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) कर्मचारी रात के समय स्वचालित उपकरणों पर हवाई जहाजों का संचालन छोड़ देते हैं;

(ख) लखनऊ हवाईअड्डे पर रात के समय कितने उपकरण बंद पाए गए;

(ग) क्या इन उपकरणों के बंद होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है; और

(घ) छोटे हवाईअड्डों पर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क): संरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की कोताही के बिना लखनऊ हवाईअड्डा वर्तमान यातायात अपेक्षाओं के प्रबंधन के लिए मानव शक्ति एवं उपकरणों से पूरी तरह से सुसज्जित है।

(ख): लखनऊ हवाईअड्डे पर ऐसा कोई यंत्र / उपकरण नहीं है जो उपयोग योग्य न हो।

(ग) तथा (घ): जी, नहीं। किसी उपकरण के अनुपयोगी होने के मामले में अतिरिक्त उपकरण उपलबध होते हैं। इसके अलावा, उड़ान प्रचालनों की संरक्षा के सुनिश्चय के लिए अतिरिक्त स्थापित वैकल्पिक प्रक्रियाएं भी उपलब्ध हैं।

****